भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
15.03.2023 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2421 का उत्तर

डिब्रूगढ़ से जगदलपुर को सीधी ट्रेन सेवा

2421. श्री दिलीप शइकीया:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या असम में 45 लाख से अधिक उड़िया लोग रहते हैं और उनमें से अधिकांश ओडिशा के पश्चिमी भाग से हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन लोगों, विशेषकर वृद्ध व्यक्तियों, महिलाओं और बच्चों को असम से ओडिशा और ओडिशा से असम की यात्रा के दौरान पश्चिमी भाग के लिए सीधी रेल सुविधा/मार्ग उपलब्ध न होने के कारण काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का डिब्रूगढ़ (असम) से रंगपारा-रंगिया-संबलपुर-तितलागढ़ होते हुए जगदलपुर (ओडिशा) के लिए सीधी रेलगाड़ी शुरू करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): भारतीय रेलें राज्य-वार/क्षेत्र-वार आधार पर गाड़ी सेवाओं का परिचालन नहीं करती हैं क्योंकि रेल नेटवर्क राज्य/क्षेत्रीय सीमाओं के आर-पार फैला हुआ है। वर्तमान में, डिब्रूगढ़ और जगदलपुर के बीच सीधी गाड़ी सेवा शुरू करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, भारतीय रेल में गाड़ी सेवा की शुरुआत करना एक सतत् प्रक्रिया है, जो अन्य बातों के साथ-साथ, परिचालनिक व्यवहार्यता, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

******

s.k